शान्तिप्रभु के पदपंकज की, पूजा नित्य रचावें। ।।26।।

ॐ ह्रीं लान्तवेन्द्रेण स्वपरिवार सहितेन पादपद्मार्चिताय।
जिननाथाय तथैव पदप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यम्।।26।।

शुक्रस्वर्ग के इन्द्र सहित, परिवार जिनालय आवें।
शान्तिप्रभु के पदपंकज की, पूजा नित्य रचावें। ।।27।।

ॐ ह्रीं शुक्रेन्द्रेण स्वपरिवार सहितेन पादपद्मार्चिताय।
जिननाथाय तथैव पदप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यम्।।27।।

शतारेन्द्र शुभभाव सहित, परिवार जिनालय आवें।
शान्तिप्रभु के पदपंकज की, पूजा नित्य रचावें। ।।28।।

ॐ ह्रीं शतारेन्द्रेण स्वपरिवार सहितेन पादपद्मार्चिताय।
जिननाथाय तथैव पदप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यम्।।28।।

आनतेन्द्र शुभभाव सहित, परिवार जिनालय आवें।
शान्तिप्रभु के पदपंकज की, पूजा नित्य रचावें। ।।29।।

ॐ ह्रीं आनतेन्द्रेण स्वपरिवार सहितेन पादपद्मार्चिताय।
जिननाथाय तथैव पदप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यम्।।29।।

प्राणतेन्द्र शुभभाव सहित, परिवार जिनालय आवें।
शान्तिप्रभु के पदपंकज की, पूजा नित्य रचावें। ।।30।।

ॐ ह्रीं प्राणतेन्द्रेण स्वपरिवार सहितेन पादपद्मार्चिताय।
जिननाथाय तथैव पदप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यम्।।30।।

आरणेन्द्र शुभभाव सहित, परिवार जिनालय आवें।
शान्तिप्रभु के पदपंकज की, पूजा नित्य रचावें। ।।31।।

ॐ ह्रीं आरणेन्द्रेण स्वपरिवार सहितेन पादपद्मार्चिताय।
जिननाथाय तथैव पदप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यम्।।31।।

अच्युतेन्द्र शुभभाव सहित, परिवार जिनालय आवें।
शान्तिप्रभु के पदपंकज की, पूजा नित्य रचावें। ।।32।।

ॐ ह्रीं अच्युतेन्द्रेण स्वपरिवार सहितेन पादपद्मार्चिताय।
जिननाथाय तथैव पदप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यम्।।32।।

बत्तीस इन्द्रों से प्रपूजित, शान्तिनाथ जिनेश को।
परिपूर्ण अर्घ्य चढ़ाय पाऊँ, हे प्रभो! शिवलोक को। ।।33।।

ॐ ह्रीं चतुर्णिकायदेवेन्द्रपूजिताय श्री शान्तिनाथाय महार्घ्यम्।।33।।

jjjj

चतुर्थ वलय पूजा प्रारम्भ

स्थापना

हे शान्तिप्रभो ! हे शान्तिप्रभो, मेरे मन मन्दिर में आओ।
अघवर्ग-विनाशन-हेतु प्रभो, निजशान्त दिव्यछवि दर्शाओ। ।।1।।

कर्मों के बन्धन खुलते हैं, प्रभु नाम निरन्तर जपने से।
भव-भोग शरीर विनश्वर तब, क्षणभंगुर लगते सपने से। ।।2।।

नरजन्म सफल हो जाता है, जब ध्यान हृदय में आता है।
आतमस्वरूप में लीन हुआ भव-सागर से तर जाता है। ।।3।।

ॐ ह्रीं सर्वकर्मबन्धन विमुक्त! सकलविघ्न शान्तिकर! पंचमचक्रेश्वर ! द्वादशकामदेव! अष्टप्रातिहार्यसंयुक्त! षोडशतीर्थंकर! श्री शान्तिनाथ भगवन्! अत्रावतरअवतर सम्वौषट् इत्याह्वानम्! अत्र तिष्ठ - तिष्ठ ठ: ठ: स्थापनम्। अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्। (पुष्पांजलिं क्षिपामि)

मन के विकार सब नाशन हेतु तेरी, पूजा प्रशांत करती लगती न देरी।
हे शान्तिनाथ भगवन्! भवतापहारी, सादर प्रणाम तुमको अघनाशकारी।।
ॐ ह्रीं मानसिक विकारोद्भवोपद्रवनिवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यम्।।1।।

वाणी प्रयत्नकृत दोष निवारने को, पूजा समर्थ भविजन्म सुधारने को।
हे शान्तिनाथ भगवन्! भवतापहारी, सादर प्रणाम तुमको अघनाशकारी।।
ॐ ह्रीं वाचनिक विकारोद्भवोपद्रवनिवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यम्।।2।।

कायाकुठार-कृत पाप-प्रणाश-कारी, अर्चन सशक्त सर्वत्र प्रदोषहारी।
हे शान्तिनाथ भगवन्! भवतापहारी, सादर प्रणाम तुमको अघनाशकारी।।
ॐ ह्रीं कायिकपापोद्भवोपद्रवनिवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यम्।।3।।

राज्यश्री, पुर, गेह, नाश सों, होय उपद्रव भारी,
उनके नाशनहेतु प्रभु की, पूजा मंगलकारी।
शान्तिनाथ के पदपंकज जो, मनमन्दिर में धारें,
मुक्तिवधू के कन्त जिनेश्वर, लोकालोक निहारें। ।।4।।
ॐ ह्रीं राज्यलक्ष्मीपुर गेहपद भ्रष्टतोद्भवोपद्रवनिवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यम्।।4।।

पूर्वोपार्जित कर्म उदय सों, घोर विपत्ति सतावे,
लक्ष्मीहीन दरिद्री नर नित, तीव्र महादुख पावे।
शान्तिनाथ के पदपंकज जो, मनमन्दिर में धारें,
मुक्तिवधू के कन्त जिनेश्वर, लोकालोक निहारें। ।।5।।
ॐ ह्रीं दारिद्रोद्भवोपद्रवनिवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यम्।।5।।

भीम भगन्दर कुष्ट जलोदर, आदिक रोग घनेरे,
व्याधि उपद्रव कर्म-विनाशन, हेतु जजों पद तेरे।
शान्तिनाथ के पदपंकज जो, मनमन्दिर में धारें,
मुक्तिवधू के कन्त जिनेश्वर, लोकालोक निहारें। ।।6।।
ॐ ह्रीं भीमभगन्दर गलित कुष्ट गुल्म जलोदर रक्त पित्त कफवातस्फोटकाद्युपद्रव निवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यम्।।6।।

इष्टवियोग अनिष्टयोग से, जीव महादुख पावे,
निज परिणति को भूले मोही, आर्त रौद्र उपजावे।
शान्तिनाथ के पदपंकज जो, मनमन्दिर में धारें,
मुक्तिवधू के कन्त जिनेश्वर, लोकालोक निहारें। ।।7।।
ॐ ह्रीं इष्टवियोगानिष्टसंयोगोद्भवोपद्रवनिवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यम्।।7।।

निजसेना व परसेना कृत, घोर उपद्रव आवें,
धर्माराधन-ध्यान-विमुख तव, प्राणि महादुख पावें।
शान्तिनाथ के पदपंकज जो, मनमन्दिर में धारें,
मुक्तिवधू के कन्त जिनेश्वर, लोकालोक निहारें। ।।8।।
ॐ ह्रीं स्वचक्रपरचक्रोद्भवोपद्रवनिवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यम्।।8।।

नाना आयुध देह विनाशक, घोर उपद्रव आवें,
आर्तरौद्र की परिणति व्यापै, कोई नहीं बचावें।
शान्तिनाथ के पदपंकज जो, मनमन्दिर में धारें,
मुक्तिवधू के कन्त जिनेश्वर, लोकालोक निहारें। ।।9।।
ॐ ह्रीं विविधायुधोद्भवोपद्रवनिवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यम्।।9।।

जलचर प्राणी दुष्ट नक्र औ, मत्स्य महाभयकारी,
कर्म उदय जल बीच सतावें, व्याकुल हों नर-नारी।
शान्तिनाथ के पदपंकज जो, मनमन्दिर में धारें,
मुक्तिवधू के कन्त जिनेश्वर, लोकालोक निहारें। ।।10।।
ॐ ह्रीं दुष्ट जलचरजीवोद्भवोपद्रवनिवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यम्।।10।।

वन पर्वत के मध्य चतुष्पद, सिंह गजादिक प्रानी,
आक्रामक बन नित्य सतावें, करें दुष्ट मनमानी।
शान्तिनाथ के पदपंकज जो, मनमन्दिर में धारें,
मुक्तिवधू के कन्त जिनेश्वर, लोकालोक निहारें। ।।11।।
ॐ ह्रीं दुष्ट व्याघ्र सिंह गजादि वन पर्वतवासिश्वापदाद्युपद्रवनिवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यम्।।11।।

भूचर-खेचर क्रूर जीव-कृत, तीव्र उपद्रव आवें,
आशापाश बँधा यह प्राणी, परपरिणति-लिपटावें।
शान्तिनाथ के पदपंकज जो, मनमन्दिर में धारें,
मुक्तिवधू के कन्त जिनेश्वर, लोकालोक निहारें। ।।12।।
ॐ ह्रीं भूचरगगनचरक्रूर जीवोद्भवोपद्रवनिवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यम्।।12।।

भीम भुजंगम वृश्चिक भीषण, घोर विषैले प्राणी,
विषम हलाहल दन्त दशन से, पीड़ित हों जगप्राणी।
शान्तिनाथ के पदपंकज जो, मनमन्दिर में धारें,
मुक्तिवधू के कन्त जिनेश्वर, लोकालोक निहारें। ।।13।।
ॐ ह्रीं व्यालवृश्चिकादिविषदुर्द्धरोपद्रवनिवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यम्।।13।।

नखश्रृंगादिक तीक्ष्ण विषैले, जीवों के दुखकारी,
कर्म असाता प्रेरित प्राणी, भुगते दुख अतिभारी।
शान्तिनाथ के पदपंकज जो, मनमन्दिर में धारें,
मुक्तिवधू के कन्त जिनेश्वर, लोकालोक निहारें। ।।14।।
ॐ ह्रीं दुष्टजीवपदकरनखोद्भवोपद्रवनिवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यम्।।14।।

वन पशुओं के दाढ़ सींग नख, अति विकराल घनेरे,
चञ्चु तुंड दंतादिक कृत दुख, घोर असाता घेरे।
शान्तिनाथ के पदपंकज जो, मनमन्दिर में धारें,
मुक्तिवधू के कन्त जिनेश्वर, लोकालोक निहारें। ।।15।।
ॐ ह्रीं चञ्चुतुण्डदाढ़कण्टकोद्भवोपद्रवनिवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यम्।।15।।

दावानल वन मध्य भयंकर, खग मृग वृक्ष जलावें,
जीव असाता कर्मोदय से, घोर महादुख पावें।
शान्तिनाथ के पदपंकज जो, मनमन्दिर में धारें,
मुक्तिवधू के कन्त जिनेश्वर, लोकालोक निहारें। ।।16।।
ॐ ह्रीं दावानलोद्भवोपद्रवनिवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यम्।।16।।

घोर प्रचण्ड पवन का दुर्जय, वेग भंयकर धावे,
सागर मध्य प्रचण्ड लहर की, भीम भँवर लहरावे।
शान्तिनाथ के पदपंकज जो, मनमन्दिर में धारें,
मुक्तिवधू के कन्त जिनेश्वर, लोकालोक निहारें। ।।17।।
ॐ ह्रीं प्रचण्डपवनोद्भवोपद्रवनिवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यम्।।17।।

नौका पोत स्फोट उदधि में, दारुण दुख-प्रदाता,
सागर मध्य पतन जब होवे, कर्म विपाक असाता।
शान्तिनाथ के पदपंकज जो, मनमन्दिर में धारें,
मुक्तिवधू के कन्त जिनेश्वर, लोकालोक निहारें। ।।18।।
ॐ ह्रीं नौकास्फोटपतनोद्भवोपद्रवनिवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यम्।।18।।

वन पर्वत भू-मण्डल मध्ये, उदित उपद्रव भारी,
प्रभु पूजा से दूर सभी हो, फल हो मंगलकारी।
शान्तिनाथ के पदपंकज जो, मनमन्दिर में धारें,
मुक्तिवधू के कन्त जिनेश्वर, लोकालोक निहारें। ।।19।।
ॐ ह्रीं वननगमेदिनीभयंकरोपद्रवनिवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यम्।।19।।

सरिता सागर कूप सरोवर, झील जलाशय वापी,
इनके उपसर्गो से रक्षण, पाता पीड़ित प्राणी।
शान्तिनाथ के पदपंकज जो, मनमन्दिर में धारें,
मुक्तिवधू के कन्त जिनेश्वर, लोकालोक निहारें। ।।20।।
ॐ ह्रीं नदीसरोवराब्धिकूपह्रदोपद्रवनिवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यम्।।20।।

विद्युत्पाद भयंकर वर्षा, ओला पाला पानी,
दैव विपाक अनेक उपद्रव, पीड़ा की मनमानी।
शान्तिनाथ के पदपंकज जो, मनमन्दिर में धारें,
मुक्तिवधू के कन्त जिनेश्वर, लोकालोक निहारें। ।।21।।
ॐ ह्रीं विद्युत्पातादिभीमाम्बुवृष्ट्युपद्रवनिवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यम्।।21।।

युद्ध स्थल के मध्य शत्रु दल, शस्त्र अनेक चलावें,
कर्म असात अकाल मरण दुख सब ही प्राणी पावें।
शान्तिनाथ के पदपंकज जो, मनमन्दिर में धारें,
मुक्तिवधू के कन्त जिनेश्वर, लोकालोक निहारें। ।।22।।
ॐ ह्रीं संग्रामस्थलादिनिकटोपद्रवनिवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यम्।।22।।

डाकिनी शाकिनी भूत प्रेत अरु, चोर पिशाच घनेरे,
कर्मों के परिपाक विषय सों, रहते निशि दिन घेरे।
शान्तिनाथ के पदपंकज जो, मनमन्दिर में धारें,
मुक्तिवधू के कन्त जिनेश्वर, लोकालोक निहारें। ।।23।।
ॐ ह्रीं डाकिनीशाकिनीभूतप्रेतपिशाचादिभय निवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं नि. स्वाहा।।23।।

उच्चाटन सम्मोहन थम्मन, घोर उपद्रव आवें,
विद्या दुष्ट विविध रूपों में, आकर नित्य सतावें।
शान्तिनाथ के पदपंकज जो, मनमन्दिर में धारें,
मुक्तिवधू के कन्त जिनेश्वर, लोकालोक निहारें। ।।24।।
ॐ ह्रीं मोहनस्तम्भनोच्चाटनप्रमुखदुष्टविद्योपद्रव निवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं नि. स्वाहा।।24।।

दुष्ट नवग्रह कृत पीड़ाएँ, कर्म उदय से आवें,
अज्ञानी मिथ्यात्वी मूरख, कुगुरु कुदेव मनावें।
शान्तिनाथ के पदपंकज जो, मनमन्दिर में धारें,
मुक्तिवधू के कन्त जिनेश्वर, लोकालोक निहारें। ।।25।।
ॐह्रीं दुष्टग्रहाद्युपद्रव निवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं नि. स्वाहा।।25।।

लोह-श्रंखला के दृढ़ बन्धन, अंग उपांग दुखावें,
पीड़ित प्राणी महा दुख पाकर, हा-हाकार मचावें।
शान्तिनाथ के पदपंकज जो, मनमन्दिर में धारें,
मुक्तिवधू के कन्त जिनेश्वर, लोकालोक निहारें। ।।26।।
ॐ ह्रीं शृंलाद्युपद्रव निवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं नि. स्वाहा।।26।।

अल्प आयु कृत कर्म योग से, जन्म मरण दुख भारी,
मन में व्याप्त प्रचण्ड विकलता, दुखिया सब संसारी।
शान्तिनाथ के पदपंकज जो, मनमन्दिर में धारें,
मुक्तिवधू के कन्त जिनेश्वर, लोकालोक निहारें। ।।27।।

ॐ ह्रीं अल्पमृत्यूपद्रव निवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं नि. स्वाहा।।27।।

कर्म उदय दुर्भिक्ष उपद्रव, अन्नाभाव सतावें,
जठरानल की भीषण ज्वाला, प्राणी को बिलखावें।
शान्तिनाथ के पदपंकज जो, मनमन्दिर में धारें,
मुक्तिवधू के कन्त जिनेश्वर, लोकालोक निहारें। ।।28।।

ॐ ह्रीं दुर्भिक्षोपद्रव निवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं नि. स्वाहा।।28।।

अन्तराय यह लाभ विरोधी, कर्म उदय जब आवे,
व्यापारादिक वृद्धि न होवे, धन सम्पत्ति नशावे।
शान्तिनाथ के पदपंकज जो, मनमन्दिर में धारें,
मुक्तिवधू के कन्त जिनेश्वर, लोकालोक निहारें। ।।29।।

ॐ ह्रीं व्यापारवृद्धिरहितोपद्रव निवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं नि. स्वाहा।।29।।

सम्बन्धी परिवार भ्रात सुत, बने अकारण वैरी,
घोर उपद्रव करें निरन्तर, व्यापे विपद घनेरी।
शान्तिनाथ के पदपंकज जो, मनमन्दिर में धारें,
मुक्तिवधू के कन्त जिनेश्वर, लोकालोक निहारें। ।।30।।

ॐ ह्रीं बन्धुत्वोपद्रव निवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं नि. स्वाहा।।30।।

अकुटुम्बी संतान बिना नित, अति संक्लेशित होवे,
मिथ्या मोह उदय से प्रेरित, प्राणी रोवे धोवे।
शान्तिनाथ के पदपंकज जो, मनमन्दिर में धारें,
मुक्तिवधू के कन्त जिनेश्वर, लोकालोक निहारें। ।।31।।

ॐ ह्रीं अकुटुम्बत्वोपद्रव निवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं नि. स्वाहा।।31।।

पाप उदय अपकीर्ति दुखद हो, आकुलता उपजावे,
मन संताप महा दुख ज्वाला, सब सुख शांति जलावे।
शान्तिनाथ के पदपंकज जो, मनमन्दिर में धारें,
मुक्तिवधू के कन्त जिनेश्वर, लोकालोक निहारें। ।।32।।

ॐ ह्रीं अपकीर्त्युपद्रव निवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं नि. स्वाहा।।32।।

विश्व हिताय उदार भावना, निर्मल मंगल कारी,
सम्यग्दर्शन ज्ञान चरित यह, हो सदैव हितकारी।
तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभु की अर्चना,
श्री शान्तिनाथ जिनेश की, मैं नित करूँ आराधना।। ।।33।।

ॐ ह्रीं सम्पूर्णकल्याणमंगलप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं नि. स्वाहा।।33।।

चिंतामणि के तुल्य लाभप्रद, शांति प्रभु को ध्यावे,
करे अर्चना नित्य चाव से, अतिशय शुभ फल पावे।
तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभू की अर्चना,
श्री शान्तिनाथ जिनेश की, मैं नित करूँ आराधना।। ।।34।।

ॐ ह्रीं चिन्तामणिसमानचिन्तितफलप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं नि. स्वाहा।।34।।

कल्प-वृक्ष के समफल-दाता, पाप-ताप विनशाये,
शांति जिनेश्वर का आराधन, शुभ मंगल महकाये।
तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभू की अर्चना,
श्री शान्तिनाथ जिनेश की, मैं नित करूँ आराधना।। ।।35।।

ॐ ह्रीं कल्पवृक्षोपमकल्पितार्थफलप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं नि. स्वाहा।।35।।

कामधेनु के तुल्य अनूपम, सर्व मनोरथ - दाता,
यही अर्चना मंगलकारी, सुख आनन्द प्रदाता।
तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभू की अर्चना,
श्री शान्तिनाथ जिनेश की, मैं नित करूँ आराधना।। ।।36।।

ॐ ह्रीं कामधेनूपमकामनापूर्णफलप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं नि. स्वाहा।।36।।

परम समुज्ज्वल ध्यान धरे तो, मेटे पथ की बाधा,
यही अर्चना मंगलकारी, हर लेती दुख बाधा।
तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभू की अर्चना,
श्री शान्तिनाथ जिनेश की, मैं नित करूँ आराधना।। ।।37।।

ॐ ह्रीं परमोज्ज्वलधर्मध्यानबाधारहिताय अनवद्यबोधप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं नि. स्वाहा।।37।

त्रैलोक्य के सब प्राणियों को, नेत्र का उत्सव करे,
मनसिज-सदृश सौन्दर्य पावे, जो प्रभु पूजा करे।
तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभू की अर्चना,
श्री शान्तिनाथ जिनेश की, मैं नित करूँ आराधना।। ।।38।।

ॐ ह्रीं कामदेवस्वरूपप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं नि. स्वाहा।।38।।

कर्पूर चन्दन अगरु पंकज, तुल्य सुरभित देह हो,
यदि शान्ति जिनकी अर्चना में, अमल निश्चल नेह हो।
तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभू की अर्चना,
श्री शान्तिनाथ जिनेश की, मैं नित करूँ आराधना।। ।।39।।

ॐ ह्रीं सुगन्धितशरीरप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं नि. स्वाहा।।39।।

भव्याम्बुजों को नित प्रफुल्लित, नाथ का भामण्डलम्,
रवि रश्मिवत् करता प्रकाशित, शांतिजिन गुणमण्डलम्।
तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभू की अर्चना,
श्री शान्तिनाथ जिनेश की, मैं नित करूँ आराधना।। ।।40।।

ॐ ह्रीं त्रैलोक्यनाथाह्लादकारकपदप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं नि. स्वाहा।।40।।

क्षीर सागर की समुज्ज्वल, अमल लहरों से धवल,
देवता गाते निरन्तर, आपके सद्‌गुण विमल।
तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभू की अर्चना,
श्री शान्तिनाथ जिनेश की, मैं नित करूँ आराधना।। ।।41।।

ॐ ह्रीं परमोज्ज्वलगुणगणसहितपदप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं नि. स्वाहा।।41।।

वाचस्पति के तुल्य निर्मल, विशद्-प्रतिभादायिनी,
आपकी है अर्चना ज्यों, पूर्णिमा की चाँदनी।
तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभू की अर्चना,
श्री शान्तिनाथ जिनेश की, मैं नित करूँ आराधना।। ।।42।।

ॐ ह्रीं वाचस्पतिसमानपदप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं नि. स्वाहा।।42।।

नवनिधि चतुर्दश रत्न का, स्वामित्व जो चक्रेश को,
नर देव इन्द्र नरेन्द्र वन्दित, पूजता तीर्थेश को।
तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभू की अर्चना,
श्री शान्तिनाथ जिनेश की, मैं नित करूँ आराधना।। ।।43।।

ॐ ह्रीं चक्रवर्तिपदप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं नि. स्वाहा।।43।।

दोनों कुलों की कीर्ति को, निज गुण विभूषित जो करें,
मुक्तिरमा वरती उन्हें जो, शान्ति जिन पूजा करें।
तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभू की अर्चना,
श्री शान्तिनाथ जिनेश की, मैं नित करूँ आराधना।। ।।44।।

ॐ ह्रीं उभयकुलकमलविकासन प्रतिष्ठितगुणमण्डिताय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं नि. स्वाहा।।44।

अर्चना शुभ भाव से, अरिहन्त की जो नित करें,
श्रावकोत्तम व्रतधरन, सद्‌बुद्धि को वे नर वरें।
तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभू की अर्चना,
श्री शान्तिनाथ जिनेश की, मैं नित करूँ आराधना।। ।।45।।

ॐ ह्रीं श्रावकसद्‌वृत्तकरणबुद्धिप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं नि. स्वाहा।।45।।

शारदी नव ज्योत्स्ना-सम, कीर्ति का विस्तार हो,
प्रभु अर्चना ही मात्र इक, जो प्राण का आधार हो।
तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभू की अर्चना,
श्री शान्तिनाथ जिनेश की, मैं नित करूँ आराधना।। ।।46।।

ॐ ह्रीं परमोज्ज्वलकीर्तिप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं नि. स्वाहा।।46।।

कल्याण कर्त्री राज लक्ष्मी, धनद सम वे नर वरें,
जिनराज की शुभ भावना से, जो सतत पूजा करें।
तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभू की अर्चना,
श्री शान्तिनाथ जिनेश की, मैं नित करूँ आराधना।। ।।47।।

ॐ ह्रीं कल्याणकर राजधनदसमलक्ष्मीप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं नि. स्वाहा।।47।।

तिर्यंच नारक भव कभी, जिन भक्त को मिलता नहीं,
नर देव भव शुभ लोक में, प्रभु भक्त पाते हर कहीं।
तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभू की अर्चना,
श्री शान्तिनाथ जिनेश की, मैं नित करूँ आराधना।। ।।48।।

ॐ ह्रीं नरकतिर्यंचगतिरहितनरसुरगतिसहितभवप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं नि. स्वाहा।।48।।

भावना षोडश विमल प्रभु, अर्चना से प्राप्त हो,
तीर्थकर पदवी मिले, जिससे कि निश्चय आप्त हो।
तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभू की अर्चना,
श्री शान्तिनाथ जिनेश की, मैं नित करूँ आराधना।। ।।49।।

ॐ ह्रीं षोडशकारणभावनासाधनबलप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं नि. स्वाहा।।49।।

लोक दुर्लभ स्वप्न सोलह, नाथ माता देखती,
एक जननी पद प्रसव पूजा, सहित अवलोकती।
तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभू की अर्चना,
श्री शान्तिनाथ जिनेश की, मैं नित करूँ आराधना।। ।।50।।

ॐ ह्रीं जिनजननीतुल्यैकजननीपदप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं नि. स्वाहा।।50।।

तीर्थेश वन सुर शैल पर, होता विशद अभिषेक है,
जिन अर्चना का हृदय जिनके, प्रकट विमल विवेक है।
तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभू की अर्चना,
श्री शान्तिनाथ जिनेश की, मैं नित करूँ आराधना।। ।।51।।

ॐ ह्रीं मेरुशिखरे स्नानयुक्तपदप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं नि. स्वाहा।।51।।

संसार भोग शरीर से, निर्वेद दीक्षा-दायकम्,
नर जन्म प्रभु की अर्चना से, मिले शुभशिव कारकम्।
तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभू की अर्चना,
श्री शान्तिनाथ जिनेश की, मैं नित करूँ आराधना।। ।।52।।

ॐ ह्रीं सिद्धसाक्षिदीक्षाकारिभवप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं नि. स्वाहा।।52।।

जिन चन्द्र के सालोक शासन, के असीम प्रभाव से,
वज्र वृषभ नाराच संहनन मिले पूजन भाव से।
तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभू की अर्चना,
श्री शान्तिनाथ जिनेश की, मैं नित करूँ आराधना।। ।।53।।

ॐ ह्रीं वज्रवृषभनाराचसंहननप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं नि. स्वाहा।।53।।

रत्नत्रयामृत से विभूषित, ध्यान के उपयोग से,
निर्मल यथा विख्यात हो, जिन अर्चना के योग से।
तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभू की अर्चना,
श्री शान्तिनाथ जिनेश की, मैं नित करूँ आराधना।। ।।54।।

ॐ ह्रीं यथाख्यातरत्नत्रयाचरणयुक्तबलप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं नि. स्वाहा।।54।।

निज ध्यान में तल्लीन आतम, स्वाद अमृत चख सके,
तीर्थेश शान्तिजिनेशपूजन से निजातम लख सके।
तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभू की अर्चना,
श्री शान्तिनाथ जिनेश की, मैं नित करूँ आराधना।। ।।55।।

ॐ ह्रीं स्वात्मध्यानामृतस्वाद सहितभवप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं नि. स्वाहा।।55।।

राजती बारह सभा जिन, समवसरणे सर्वदा,
त्रैलाक्य पति की अर्चना से, प्राप्त होती सुख प्रदा।
तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभू की अर्चना,
श्री शान्तिनाथ जिनेश की, मैं नित करूँ आराधना।। ।।56।।

ॐ ह्रीं समवशरणविभूतिपदप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं नि. स्वाहा।।56।।

जिन राज प्रभु की दिव्य-ध्वनि, दिनरात में चौ बार हो,
जिसका श्रवण कर भविक को, कैवल्य अपरम्पार हो।
तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभू की अर्चना,
श्री शान्तिनाथ जिनेश की, मैं नित करूँ आराधना।। ।।57।।

ॐ ह्रीं सत्केवलज्ञानविभूतिपदप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं नि. स्वाहा।।57।।

अष्ट कर्मों से रहित, गुण अष्ट युत परमात्मा,
निर्भय निरञ्जन सिद्ध पद, पाता सुधी धर्मात्मा।
तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभू की अर्चना,
श्री शान्तिनाथ जिनेश की, मैं नित करूँ आराधना।। ।।58।।

ॐ ह्रीं निरंजनपदप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं नि. स्वाहा।।58।।

चित्त को आनन्द देती नाथ की दिव्यार्चना,
प्रभु के पुजारी की करें, सुर लोक में सुर वन्दना।
तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभू की अर्चना,
श्री शान्तिनाथ जिनेश की, मैं नित करूँ आराधना।। ।।59।।

ॐ ह्रीं चिदानन्दकरणसमर्थाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं नि. स्वाहा।।59।।

जिनके विमल मुखचन्द्र से, अमृतवचन अनुपम झरें,
त्रैलोक्य की निधियाँ सकल, प्रभु के पुजारी को वरें।
तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभू की अर्चना,
श्री शान्तिनाथ जिनेश की, मैं नित करूँ आराधना।। ।।60।।

ॐ ह्रीं वचनानन्दकरणसमर्थाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं नि. स्वाहा।।60।।

जिननाथ के तन की अलौकिक, दिव्य अणु-अणु की प्रभा,
देखकर होती प्रफुल्लित, हर्ष से बारह सभा।
तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभू की अर्चना,
श्री शान्तिनाथ जिनेश की, मैं नित करूँ आराधना।। ।।61।।

ॐ ह्रीं कायानन्दकरणसमर्थाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं नि. स्वाहा।।61।।

सर्वार्थ वर्गों का प्रसाधक, नाथ मनसा चिन्तनम्,
तीर्थेश की दिव्यार्चना का, है महत् अतिशय फलम्।
तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभू की अर्चना,
श्री शान्तिनाथ जिनेश की, मैं नित करूँ आराधना।। ।।62।।

ॐ ह्रीं अर्थवर्गसिद्धिसाधनकरणसमर्थाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं नि. स्वाहा।।62।।

प्रभु के गुणों का संस्तवन, निज वाणि - वीणा से करें,
वे काम-वर्ग-प्रसाधिनी, उत्कृष्ट महिमा को वरें।
तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभू की अर्चना,
श्री शान्तिनाथ जिनेश की, मैं नित करूँ आराधना।। ।।63।।

ॐ ह्रीं कामवर्गसिद्धिसाधनकरणसमर्थाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं नि. स्वाहा।।63।।

जिननाथ पूजा से सफल, निज देह को जो नर करें,
आश्चर्य क्या यदि मोक्ष लक्ष्मी, को सहज ही वे वरें।
तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभू की अर्चना,
श्री शान्तिनाथ जिनेश की, मैं नित करूँ आराधना।। ।।64।।

ॐ ह्रीं मोक्षपुरुषार्थसिद्धसाधनकरणसमर्थाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं नि. स्वाहा।।64।।

निर्लिप्त श्री जिनराज चौसठ, ऋद्धियों के नाथ हैं,
शत इन्द्र के झुकते सतत्, पद पंकजों में माथ हैं।
तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभू की अर्चना,
श्री शान्तिनाथ जिनेश की, मैं नित करूँ आराधना।। ।।65।।

ॐ ह्रीं चतुःषष्टिऋद्धिसमानांगाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं नि. स्वाहा।।65।।

शत एक विंशति तीर्थकर, जिनचन्द्र की पूजा करें,
विघ्नौघ के शान्त्यर्थ मैं, पूर्णार्ध्य चरणों में धरें।
तीर्थेश चक्रि अनंग पद, भूषित प्रभू की अर्चना,
श्री शान्तिनाथ जिनेश की, मैं नित करूँ आराधना।। ।।66।।

ॐ ह्रीं शतैकविंशतिकोष्ठस्थापिताय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं नि. स्वाहा।।66।।

अरिहन्त के अतिरिक्त कोई, है नहीं जग में शरण।
संसार सागर में प्रभु के, चरण हैं तारण तरण।।

इतीष्टप्रार्थना कृत्वा पुष्पांजलिं क्षिपेत्

जयमाल

शान्तिनाथ भगवान ! के, गुण हैं अपरम्पार।
निराधार संसार में, भक्तों के आधार।।
पंचम श्री चक्रीश हैं, द्वादशवे रतिनाथ।
षोडशवे तीर्थेश को, सदा नवाऊँ माथ।।

जय शांति प्रभो चिद्रूपराज ! जग जल निधि में अद्भुत जहाज।
जय कर्म विनाशक शांतिनाथ! जयविघ्न विनाशक शांतिनाथ! ।।1।।

जय गुण वारिधि हे शान्तिनाथ! जय मुक्तिवधू के प्राणनाथ।
जय आत्म हितंकर शान्तिनाथ! जयकर्म विनाशक शांतिनाथ! ।।2।।

जय पाप विनाशक शान्तिनाथ! भुवनत्रय-ज्ञायक शान्तिनाथ!
जय सम्यग्दायक शान्तिनाथ! शिवमार्ग-विधायक शांतिनाथ! ।।3।।

जय भवगृहभंजन शांतिनाथ! जय अलख निरंजन शांतिनाथ!
जय ऐरासुत श्री शांतिनाथ! त्रिभुवनत्राता हितु शांतिनाथ! ।।4।।

जय शांतिनाथ! शिव के दायक, जय हित-संदेशक अघहारक।
जय जन्म जरा-मृतु-संहारक, जय रोग -शोक हर सुखदायक।।5।।

शिवसुख के साधन शान्तिनाथ! भव भय के भञ्जक शान्तिनाथ!
जय मानबली के मद मर्दक, जय शांतिनाथ गुण गण वर्धक।।6।।

कर्मों के दुख-संहारक हो! भय भूत पिशाच निवारक हो।
नवग्रहकृत-बाधा दूर करो, व्यालादि-विपति चकचूर करो।।
जय भव्यसरोज दिवाकर हो, जय शिवसुखपद्म-प्रभाकर हो
भव जीवन तारण कारण हो, जय शांतिनाथ सुख साधन हो ।।7।।

ॐ ह्रीं जगच्छान्तिकराय श्री शान्तिनाथाय जयमालाये महार्घ्यं नि. स्वाहा।

पाप-पंक में मग्न, विश्व के हैं सब प्राणी,
मल-प्रक्षालन-हेतु, नाथ की मंगल वाणी।
प्रभु पद पंकज में जलधारा, अर्पित करते जो प्राणी,
होती निश्चय नित्य विश्व में, शांतिसुधा वह कल्याणी।।

।।इति शान्तिधारा आशीर्वाद।।

ॐ ह्रीं जगच्छान्तिकराय श्री शान्तिनाथाय नमः सर्वोपद्रवशांतिं कुरु कुरु ह्रीं नमः स्वाहा।

(108 बार जाप करें)

शान्ति पाठ

चौपाई

शान्तिनाथ मुख शशि उनहारी, शील - गुणव्रत-संयमधारी।
लखन एक सौ आठ विराजे, निरखत नयन कमलदल लाजे।।
पञ्चम चक्रवर्तीपद धारी, सोलम तीर्थंकर सुखकारी।
इन्द्र नरेन्द्र पूज्य जिन नायक, नमो शान्तिहित शान्ति विधायक।।
दिव्य विटप पहुपन की वरषा, दुन्दुभि आसन वाणी सरसा।
छत्र चमर भामण्डल भारी, ये तुव प्रातिहार्य मनहारी।।
शान्ति जिनेश शान्ति सुखदाई, जगत्पूज्य पूजौं शिर नाई।
परम शान्ति दीजे हम सबको, पढ़ैं तिन्हें पुनि चार संघ को।।

बसन्ततिलका

पूजैं जिन्हें मुकुट हार किरीट लाके,
इन्द्रादि देव अरु पूज्य पदाब्ज जाके।
सो शान्तिनाथ वरवंश जगतप्रदीप,
मेरे लिये करहिं शान्ति सदा अनुप।।

इन्द्रवज्रा

सम्पूजकों को प्रतिपालकों को, यतीनकों को यतिनायकों को।
राजा प्रजा राष्ट्र सुदेशको ले, कीजै सुखी हे जिन शान्तिको दे।

स्रग्धरा छन्द

होवै सारी प्रजा को सुख, बलयुत हो, धर्मधारी नरेशा,
होवै वर्षा समय पै, तिलभर न रहै, व्याधियों का अन्देशा।
होवै चोरी न जारी, सुसमय बरतै हो न, दुष्काल भारी,
सारे ही देश धारैं, जिनवर-वृषको जो, सदा सौख्यकारी।।

दोहा

घातिकर्म जिन नाश कर, पायो केवलराज।
शान्ति करो सब जगत में, वृषभादिक जिनराज।।

मन्दाक्रान्ता

शास्त्रों का हो, पठन सुखदा, लाभ सत्संगति का,
सद्वृत्तों का, सुजस कहके, दोष ढाकूँ सभी का।
बोलूँ प्यारे, वचन हित के, आपका रूप ध्याऊँ,
तो लौं सेऊँ, चरण जिनके, मोक्ष जौ लौं न पाऊँ।।

आर्या

तव पद मेरे हिय में, मम हिय तेरे पुनीत चरणों में।
तब लौं लीन रहों प्रभु, जब लौं न पाया मुक्ति पद मैंने।।
अक्षर पद मात्रा से दूषित, सो कछु कहा गया मुझसे।
क्षमा करो प्रभु सो सब करुणा करि, पुनि छुड़ाहु भवदुख से।।
हे जगबन्धु जिनेश्वर ! पाऊँ तव चरण शरण बलिहारी।
मरण समाधि सुदुर्लभ, कर्मों का क्षय सुबोध सुखकारी।।

शान्तिभक्ति समाधिभक्ति पठित्वा कायोत्सर्गं करोम्यहम् पुष्पाञ्जलिं क्षिपामि

विसर्जन

बिन जाने व जानके रही टूट जो कोय।
तुम प्रसादतैं परम गुरु सो सब पूरन होय।।1।।

पूजन विधि जानूँ नहीं नहिं जानूँ आह्वान।
और विसर्जन हूँ नहीं क्षमा करहु भगवान ।।2।।

मन्त्रहीन धनहीन हूँ क्रियाहीन जिनदेव।
क्षमा करहु राखहु मुझे देहु चरणकी सेव।।3।।

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः अ सि आ उ सा अर्हदादि परमेष्ठिन: पूजाविधिं विसर्जनं करोमि अपराध क्षमापणं भवतु ज: ज: ज:।

(उक्त मंत्र पढ़कर ठोने पर पुष्प क्षेपण कर विसर्जन करें)

(निम्नांकित छन्द पढ़ते हुये गवासन मुद्रा से अर्हंत भगवान को नमोऽस्तु करके आशीर्वाद लेते हुए कायोत्सर्ग पूर्वक कार्य पूर्ण करें।)

श्री जिनवर जी की आशिका, लीजै शीश चढ़ाय।
भव भव के पातक कटैं, दु:ख दूर हो जाय।।

विसर्जन

पूजा का समापन ही विसर्जन है। पूर्व में पूजन का संकल्प पंचमहागुरु भक्ति पूर्वक करके, सिद्धभक्ति, चैत्यभक्ति पूर्वक पूजन करते हुये अन्त में शांति एवं समाधि भक्ति पूर्वक पूजन को पूर्ण करते हैं। पूजन अनुष्ठान क्रिया में होने वाली त्रुटियों, असावधानियों/अज्ञानता के लिए प्रभु चरणों में क्षमायाचना करके मंत्र पूर्वक ठोने पर पुष्प क्षेपण करके पूजन की विसर्जन क्रिया करना चहिए।

(''पुष्पाञ्जलि''से)

jjjj

भजन

कर तू प्रभु का ध्यान बाबा कर तू प्रभु का ध्यान - 2
निज घट में भगवान बाबा निजघट में भगवान।। टेक।।

काँटों में भी जीवन तेरा फूलों सा खिल जायेगा
खोज रहा है जिसको तू वह पल भर में मिल जायेगा
खुद को तू पहिचान बाबा खुद को तू पहिचान

कभी किसी का दिल दु:ख जाये ऐसे बोल कभी मत बोल
घावों पर मलहम बन जायें ऐसे बोल बड़े अनमोल
कहलाता यह ज्ञान बाबा कहलाता यह ज्ञान - 2

धन वैभव यह महल खज़ाना कुछ भी साथ न जायेगा
सुबह खिला जो फूल बाग में साँझ समय मुरझाएगा
कर ले धर्मध्यान बाबा करले धर्मध्यान - 2

मात पिता गुरुजन कर आदर धर्ममार्ग पर चलो सदा
गुरुजन की नित सेवा करना श्रावक का कर्तव्य कहा
पाओगे सम्मान बाबा पाओगे सम्मान

जिसको अपना कहा आज तक हुआ कभी न वह अपना
जिसकी खातिर जिया आज तक वह निकला सुंदर सपना
क्यों तू करे गुमान बाबा क्यों तू करे गुमान

राग - द्वेष भावों के कारण भवसागर में डूब रहा
गँवा रहा भोगों में जीवन फिर भी मन नहिं ऊब रहा
क्यों बनता नादान बाबा क्यों बनता नादान

हिंसा-झूँठ-कुशील-परिग्रह- चोरी ये मत पाप करो
पाप विनाशक धर्म प्रकाशक णमोकार का जाप करो
हो सम्यक् श्रद्धान बाबा हो सम्यक् श्रद्धान - 2

मुनि श्री द्वारा रचित साहित्य की तालिका

1. **तन्मयता की बेला - (पूजन शिविर)** — मूल्य 20 रु. 192 पेज
आज की नवीन पीढ़ी के लिए विधिपूर्वक आगमानुसार भगवान की पूजन करने का सही ढंग, जिसमें भक्तामर स्तोत्र, स्वप्न फल, सूतक पातक एवं नये ढंग से मधुरमय अर्घावली

2. **भक्तामर स्तोत्र - (भक्तामर शिविर)** — मूल्य 18 रु. 192 पेज
शुद्ध भक्तामर स्तोत्र को सही ढंग से तोड़कर लिखा गया है जिसमें नई धुन पर पाँच तरह का पद्यानुवाद है, ऋद्धि मंत्र व फल विवेचन भी है।

3. **दैनिक कर्तव्य -** — मूल्य 30 रु. 320 पेज
श्रावक के करने योग्य सभी स्तोत्र, तत्वार्थ सूत्र, सामायिक पाठादि, द्रव्य संग्रह, इष्टोपदेश, चौघडिया, सूतक पातक आदि

4. **आस्था के स्वर -** — मूल्य 10 रु. 100 पेज
108 नवीन भजन मुनि श्री द्वारा रचित

5. **समंदर की लहरें -** — मूल्य 10 रु. 100 पेज
लगभग 100 भजन मुनि श्री द्वारा रचित

6. **अंतस् का पराग -** — मूल्य 10 रु.
लगभग 80 भजन मुनि श्री द्वारा रचित

7. PHILOSOPHY OF KARMA -**कर्म विज्ञान -** — मूल्य 15 रु.
कर्मो का विवेचन प्रश्नोत्तर में - मुनि श्री द्वारा अंग्रेजी में अनुवाद

8. **बोलती कविताएँ-** — मूल्य 100 रु. 150 पेज
मुनि श्री द्वारा लगभग 190 स्व रचित कविताएँ साहित्यिक - धार्मिक एवं व्यंगात्मक

9. **जमाने का सच-** — मूल्य 30 रु. 120 पेज
मुनिश्री द्वारा नये नये चिंतनों का अनूठा संकलन एवं मुनि श्री के दीक्षा चित्र व उनके विशेष अनुभव

10. **हकीकत का पैगाम -** — मूल्य 30 रु. 120 पेज
मुनि श्री द्वारा मंथन का निचोड़ व तर्क के आधार पर नये - नये अनूठे विचारों का संगम

11. **ज़िंदगी क्या है? -** — मूल्य 15 रु.
मुनि श्री का रंगीन चित्र एवं ज़िंदगी के बारे में महत्वपूर्ण तीन प्रवचनों का संकलन

12. **सच क्या है? -** — मूल्य 15 रु.
तेरा पंथ-बीस पंथ और विशाल सच का स्वरूप, मूढ व मूर्ख में, भूले व भोले में अंतर - सच्चा धर्म और झूठा पंथ का अहंकार क्या है?

13. **ख़ज़ाने के मोती -** — मूल्य 30 रु. 105 पेज
मुनि श्री द्वारा रचित उर्दू में गज़लें लगभग 102 सभी तर्जों में रचित, शेर व मुक्तक

14. **तासीर के मंजर -** — मूल्य 30 रु. 105 पेज
मुनि श्री द्वारा रचित उर्दू में गज़लें लगभग 102 सभी तर्जों में रचित, शेर व मुक्तक

15. **What is Life -** — मूल्य 20 रु.
मुनि श्री द्वारा प्रवचन की पुस्तक का अंग्रेजी में अनुवाद

16- **What is truth** & — मूल्य 25 रु.
मुनि श्री द्वारा लिखित पुस्तक का अंग्रेजी में अनुवाद

17. **जानिये सम्यक् दीपावली -** — मूल्य 10 रु.
सही तरीके से दीपावली मनाने की विधि

18. **Moral Science for Children** — मूल्य 50 रु.
Part I,II,III मुनि श्री द्वारा **English Translation**

19. **English Quatation** — मूल्य 10 रु.
मुनि श्री द्वारा **English** में रचित सूक्तियों धार्मिक एवं व्यावहारिक

20. **सामायिक पाठ -** — मूल्य 5 रु.
संस्कृत/हिंदी पद्यानुवाद व प्रतिक्रमण

21. **गा लो गुरु गुणगान -** — मूल्य 15 रु. व 25 रु.
मुनि श्री द्वारा लिखित 4 पूजन व भजन

22. **अपना भविष्य जानो (Know your Future)** — मूल्य 15 रु.
मुनि श्री द्वारा लिखित हिन्दी व **English** में

23. **ऐसा क्यों ?** — मूल्य 31 रु.
युवा पीढ़ी की नई शंकाओं के तर्क सहित अनूठे और सटीक उत्तर

24. **होनी अनहोनी** — मूल्य 15 रु.
जीवन है पानी की बूँद, जीवन जलता दिया यहाँ, गुरुवर का आशीष हमें, जीवन चलती साँस यहाँ एवं अंग्रेजी में भजन व सूक्तियाँ

25. **स्वर्ग नरक** — मूल्य 15 रु.
स्वर्ग-नरक क्या है विशेष प्रवचन

26. **विराग सुमन** - अप्राप्य

27. **विराग वंदना** - अप्राप्य

28. **सच्चे ज्ञान की पहिचान -**
मुनिश्री द्वारा लिखित सच्चा ज्ञान क्या है?

प्राप्ति स्थान

सम्यग्ज्ञान विराग विद्यापीठ, भिण्ड

श्री देवेन्द्र जैन
बड़ी बजरिया, बीना (सागर)
फोन - 07580-223344

सीपुर समता तीर्थ धाम
सीपुर
9828613614